सार-समाचार

सुख शांति के लिए महाआरती की

भरतपुर (निस)। स्थापना दिवस के कार्यक्रमों को श्रृंखला में लोहागढ़ विकास परिषद,जिला प्रशासन भरतपुर एवं श्री बांके बिहारी ट्रस्ट की ओर से बिहारी जी मंदिर में महाआरती की गई। इस कार्यक्रम में एडीएम सिटी राहुल सैनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। श्री बांके बिहारी ट्रस्ट अध्यक्ष गिरीश सिंघल, मंत्री पंकज बंसल, स्थापना दिवस संयोजक अनुराग गर्ग, परिषद समन्वयक योगेश शर्मा, सुरेश चतुर्वेदी, महेंद्र गोठी, दिनेश पाराशर मुरारी लाल शर्मा, शिव शंकर बंसल, सतीश मित्तल, कृष्ण कुमार शर्मा आदि के साथ-साथ बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने इस महा आरती में भाग लिया। कार्यक्रमों की श्रृंखला में स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर भरतपुर के विविध सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों के सौजन्य से श्री गंगा मन्दिर, श्री लक्षण मंदिर, श्री बांके बिहारी मंदिर, देवी मंदिर रणजीत नगर, शहीद स्मारक लोहागढ़ स्टेडियम, शहीद स्मारक किला, हीरादास सर्कल, यातायात चौराहा, शहर के स्मारकों आदि स्थल दीपों की मद्धम रोशनी में जगमगा उठे। इस अवसर पर भरतपुर शहर में दीपावली का सा दृश्य उपस्थित हो गया। मीडिया प्रभारी नरेंद्र निर्मल ने बताया कि 19 फरवरी को प्रातः 7 बजे नगर निगम क्षेत्र के चौराहों पर रंगोली सजावट को जायेगी। सुबह 7.30 बजे काली की बगीची, लक्ष्मण मंदिर, राजकीय संग्रहालय एवं मास्टर आदित्येन्द्र राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा स्वाभिमान यात्रा निकाली जाएगी। तत्पश्चात यातायात चौराहे पर स्थित महाराजा सूरजमल स्मारक पर प्रातः 9 बजे पुष्पांजलि कार्यक्रम किया जायेगा। सायं 6 बजे विश्वप्रिय शास्त्री पार्क में मेगा कल्चरल इवनिंग में सारेगामापा विनर इशिता विश्वकर्मा की भव्य संगीतमय प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इस कार्यक्रम हेतु जिला प्रशासन की ओर से विशेष तैयारियां की गयी हैं।

विरासतों का मनोहारी चित्रण

करौली (निसं)। भारतीय सांस्कृतिक निधि इंटैक कि ओर से आयोजित राष्ट्रीय सेलिब्रेटिंग इण्डिया पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में करौली चैप्टर की ओर से स्कूली विद्यार्थियों ने अपने क्षेत्र व राजस्थान की अमूर्त विरासतों का मनोहारी चित्रण किया। इंटैक करौली के विरासत शिक्षा एवं संचार सेवा प्रभारी राजेन्द्र दीवान ने बताया कि विद्यार्थियों को अपनी लोक कलाओं,संस्कृति,परम्परा व रीतिरिवाजों आदि अमूर्त विरासतों के संरक्षण व संवर्धन के प्रति जागरुक करने के लिए कक्षा 7 से 9 में अध्ययनरत विद्यार्थीयों से प्रविष्टियां प्राप्त की गई जिसमें विद्यार्थियों ने कैलादेवी, अंजनी माता का मेला, लांगुरिया, घूमर, कच्छी घोडी, कालवेलिया, कठपुतली नृत्य, मदनमोहन जी में नंदोत्सव, होली, दीपावली त्यौहार, गणगौर पूजा, सुड्डा दंगल आदि के सुन्दर चित्रांकन के साथ इनके इतिहास वर्तमान स्थिति व संवर्धन के उपाय व सुझावों के बारे में लेखन भी किया।इंटैक कन्वीनर पूर्व नरेश कृष्णचंद्र पाल व को कन्वीनर राव शिवराज पाल सिंह ने इन प्रतिभाओं की सराहना करते हुए खुशी जताई। चैप्टरसचिव गोविन्द सिंह सैंगर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में निशब्द मूक बधिर विद्यालय के विद्यार्थियों सहित 15 विद्यालयों के 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का परिणाम इंटैक के नई दिल्ली स्थित मुख्यालय द्वारा घोषित किया जाएगा।

विभिन्न कार्यकमों में शिरकत की

भरतपुर (निस)। पूर्व मंत्री और विधायक डॉक्टर सुभाष गर्ग मंगलवार को भरतपुर विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर रहे। दौरे के दौरान डॉ गर्ग ने गांव तुहिया, तमरौली, नगला लोधा, बछामदी, जाटौली रथभान, गुंडवा आदि क्षेत्र में आयोजित स्वामानी आदि विभिन्न सामाजिक कार्यकम में शिरकत की। इस मौके पर ग्रामीणों द्वारा डॉ. गर्ग का माला साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर गर्ग ने बेहतर शिक्षा व्यवस्था के विद्यालय के लिए 3 लाख रुपए और सड़क के लिए 5 लाख रुपए की घोषणा की। डॉ गर्ग ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं को हल करना मेरी प्राथमिकता है और मैं हमेशा उनके साथ खड़ा हूं। उन्होंने किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए कई योजनाओं का भी जिक्र किया और उनकी बेहतरी के लिए हर संभव प्रयास करने का विश्वास दिलाया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. गर्ग ने गांवों के विकास की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाने की बात कही और स्थानीय लोगों से भी उनके मुद्दों पर संवाद किया। साथ ही, उन्होंने आगामी विकास कार्यों पर भी जोर दिया और यह सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया कि सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे गांवों तक पहुंचे।

गोर्वधन भाजपा के जिला अध्यक्ष बने

करौली (निसं)। भारतीय जनता पार्टी करौली जिले के जिला अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से टोडाभीम शहर के युवा पूर्व मंडल अध्यक्ष रहे भरतपुर जिले के जिला प्रभारी रहे गोवर्धन सिंह को भाजपा जिला अध्यक्ष के पद पर चुना गया है। भाजपा मिडिया प्रभारी मुके'ा सालौत्री ने वताया कि इस संगठन पर्व के कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश चैधरी,चुनाव जिला अधिकारी हेमंत विजय वर्गीय ने भाजपा जिला अध्यक्ष के नाम कि जैसे ही घोषणा कि पूरे हॉल में उत्साह का माहौल, तालियो कि गडगडाहट से गूंजउठा इस दौरान करौली जिला प्रभारी प्रेम प्रकाश शर्मा,भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष शिवकुमार सैनी,वृजलाल डिकोलिया,कैलाश चंद्र शर्मा, रमेश राजोरिया,महेंद्र मीणा,हरी सिंह,किसान मोर्चा के अशोक सिंह धावाई, धर्मा डागूर,केके मित्तल,हरि सिंह वैरवा,धीरेंद्र वैंसला,गजेंद्र सिंह जादौन,सुरेश शुक्ला,मुकेश सालौत्री, पुष्पेंद्र वंसल,अनूप शर्मा,मुकेश सोनी,राजेंद्र शेखपुरा सहित सैकड़ो कि संख्या में कार्यकर्ता,मंडल अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी उपस्थित रहे।

ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया

करौली (निसं)। करौली के निकट महू गांव के ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर अपनी मांगों को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने महू गांव को पाराशरी ग्राम पंचायत में जोड़ने का विरोध करते हुए महू को एक स्वतंत्र ग्राम पंचायत वनाने की मांग कि। महू गांव के निवासी प्रकाश चंद जाटव,दर्शन और जगमोहन माली ने वताया कि पाराशरी नवीन ग्राम पंचायत से महू को जोड़ने कि योजना का स्थानीय लोगों में भारी विरोध है। उन्होंने वताया कि पाराशरी गांव तक जाने का रास्ता न केवल लंवा है वल्कि कई समस्याओं से भरा हुआ है। महू गांव कि जनसंख्या पाराशरी से अधिक है और यहां वुनियादी सुविधाएं भी पर्याप्त मात्रा में उपलव्ध हैं। इसके विपरीत पाराशरी में जनसंख्या कम है और वहां आवश्यक सुविधाओं का अभाव है। ग्रामीणों का तर्क है कि ऐसी स्थिति में महू को एक स्वतंत्र ग्राम पंचायत वनाया जाये ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस संवंध में पूर्व में दिए गए ज्ञापनों कि अनदेखी कि गई है। वड़ी संख्या में एकत्र हुए ग्रामीणों ने एक वार फिर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांग को जल्द से जल्द पूरा करने की मांग की है।

अनुपस्थित अधिकारियों व कार्मिकों के खिलाफ कार्यवाही होगी

करौली (निसं)। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने सोमवार को जिला रोजगार कार्यालय, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय,सारक्षता एवं सतत शिक्षा विभाग का लगभग सांय 5:30वजे आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी,सारक्षता एवं सतत शिक्षा विभाग के डीएलसीओ सहित अन्य कार्मिक अनुपस्थित पाये गये। जिला कलेक्टर ने अनुपस्थित अधिकारी एवं कार्मिकों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जिला रोजगार कार्यालय के निरीक्षण के दौरान कार्यालय में कुलदीप सैन प्राइवेट व्यक्ति उपस्थित मिला इसके अलावा कोई भी कार्मिक एवं अधिकारी उपस्थित नहीं मिला। इस पर जिला कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त कि एवं संवंधित अधिकारी एवं कार्मिकों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये।

108 कुंडिया विष्णु महायज्ञ होगा

नदबई (निस)। तिमनगढ़ किला स्थित डांग इलाके में ब्रह्मलीन संत गोमती दास महाराज की तपोस्थली सागर तीर्थ पर भक्त मंडल कार्यकर्ताओं की ओर से 2 अप्रैल से 10 अप्रैल तक 108 कुंडीय विष्णु महायज्ञ संत समागम एवं प्रवचन कार्यक्रम आयोजित होंगे। महायज्ञ की तैयारी को लेकर नदबई में भक्त मंडल की ओर से कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र में भक्तगण जगह बैनर पोस्टर आदि लगाकर ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार में लगे हुए हैं। प्रचार प्रसार में धर्मेंद्र अवस्थी, नरेंद्र उपाध्याय, रजत उपाध्याय, प्रदीप शर्मा, गजानंद पिपरऊ, यादराम शर्मा मूडिया गंधार, आयुष, फूल सिंह, अमर सिंह खांगरी आदि भक्त तैयारी में जुटे हुए हैं।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा कर बेहतर सेवाओं के निर्देश दिये

जिला कलेक्टर ने स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा कर बेहतर सेवाऐं प्रदान करने के निर्देश दिये।

भरतपुर (निस)। जिला स्वास्थ्य समिति बैठक जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। चिकित्सा अधिकारियों को स्वास्थ्य सूचकांकों में सुधार कर जिले को अग्रणीय जिलों की श्रेणी में लाने के लिये विशेष प्रयास करने के निर्देश प्रदान किये गये। जिला कलक्टर ने चिकित्सा संस्थानों पर संस्थागत प्रसव को बढ़ाने, आयुष्मान कार्ड के पात्र लाभार्थियों की शत प्रतिशत ई केवाईसी एएनएम व आशा सहयोगिनी के माध्यम से करवाने, आयुष्मान कार्ड वितरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने मौसमी बीमारियों पर विशेष ध्यान देने, एएनसी करने, चिकित्सा संस्थान पर उपस्थित रहने,

■ जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित

टीकाकरण कवरेज पूर्ण करने, चिकित्सा संस्थानों को लक्ष्य सर्टिफिकेटशन करवाने, यू विन में एंट्री करने के निर्देश दिए।

उन्होंनें एएनसी पंजीकरण, 12 सप्ताह एएनसी, टीकाकरण, संस्थागत प्रसव में कम प्रगति वाले चिकित्सा संस्थानों के प्रभारी चिकित्सा अधिकारियो को अविलंब सूचकांको में सुधार लाने के निर्देश दिये। उन्होंने आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं एएनएम का सहयोग लेकर कार्य योजना अनुसार कार्य करने, मिसिंग डिलीवरी व घरेलू प्रसव पर विशेष निगरानी रखने की बात कही ।

उन्होंने जिले में स्वास्थ्य विभाग की समस्त योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन करने तथा महत्वपूर्ण योजनाओं मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना, मुख्यमंत्री निशुल्क जांच योजना, एनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम, परिवार कल्याण कार्यक्रम व जननी सुरक्षा योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना का बेहतरीन ढंग से संचालन कर इसकी प्रभावी मॉनिटरिंग करने के लिये चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया। जिला कलक्टर ने टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत सभी गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को समयानुसार सभी टीके पूर्ण करने के साथ ही टीकों से छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण करने के निर्देश प्रदान किये। उन्होंने बीएसके टीमों को सभी स्कूलों में जाकर स्क्रीनिंग कार्य पूर्ण करने, एनीमिया की रोकथाम के लिए पीसीटीएस सॉफ्टवेयर में पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की समय पर प्रसव पूर्व जाचें करवा कर उपचार से लाभान्वित करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को प्रभावी मॉनिटरिंग करने, डाटा एंट्री ऑपरेटरों से सही डेटा रिपोर्टिंग करवाने, परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत दो बच्चों पर नसबंदी करवाने के लिए योग्य दंपतियों को प्रेरित करने की बात कही। उन्होंने विभाग द्वारा लगाये जाने वाले परिवार कल्याण शिविरों में सभी व्यवस्थाऐं दुरूस्त करने तथा मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना के तहत जिले की रैंकिंग में सुधार लाने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गौरव कपूर ने माह जनवरी 2025 तक विभागीय कार्यक्रमों और योजनाओं के तहत निर्धारित स्वास्थ्य सूचकांकों की प्रगति रिपोर्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डीटीओ डॉ. अविरल कुमार ने क्षय नियंत्रण कार्यक्रम एवं अतिरिक्त सीएमएचओ डॉ. बीएल मीना ने परिवार कल्याण कार्यक्रम की प्रगति रिपोर्ट के संबंध में अवगत कराया।

सवा लाख रूपये की सहायता राशि सौंपी

करौली (निसं)। ससेडी पंचायत के डूडापुरा गांव के युवाओं ने सोशल मीडिया पर मिशन चलाकर सवा लाख रुपए की राशि एकत्रित कर सोमवार को परिजनों को सौंपी। राजकीय प्राथमिक विद्यालय वैरवा वस्ती डूडापुरा के संस्था प्रधान रमेश प्रजापत एवं धनराज मीना अध्यापक ने वताया कि जयंती लाल मीणा डूडापुरा के निधन से उनकी चार वेटियों कि सहायता के लिए चलाए गए सोशल मीडिया के माध्यम से मिशन के तहत सभी भामाशाह, दानदाताओं के सहयोग से 1 लाख 25 हजार रुपये कि राशि एकत्रित की गई जिसे सोमवार को ग्राम वासियों पंच पटेलो के समक्ष पीड़ित परिवार को सुपुर्द किया गया और इस राशि को सुकन्या योजना में जमा करने का निर्णय लिया गया इस अवसर पर धनराज मास्टर झारवाडी,रमेश अध्यापक,रामेश्वर ठेकेदार,रिंकू लाल, राजेश,गोपाल,वंटी, भूरसिंह आदि उपस्थित रहे।

अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 मनाने के लिए जिला स्तरीय एक्शन प्लान पर की चर्चा

जिला सहकारी विकास समिति की बैठक सम्पन्न

भरतपुर (निस)। जिला सहकारी विकास समिति की बैठक मंगलवार को जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के पोस्टर का विमोचन भी किया गयज्ञं जिला कलक्टर ने अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उत्सव के लिए विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के लिए वार्षिक गतिविधि कैलेंडर और कार्य योजना पर चर्चा की।

सभी समिति सदस्यों और संबंधित विभागों को सहकारी समितियों को शामिल करके विभिन्न गतिविधियों के सुचारू संचालन में अपना समर्थन और समन्वय प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने उप रजिस्ट्रार को सहकारी समितियों हेतु भूमि आवंटन के लिए संबंधित उपखंड अधिकारी एवं तहसीलदार से समन्वय कर प्रस्ताव भिजवाने के लिए निर्देश दिए। सहकारी समितियों के उप रजिस्ट्रार शचीन्द्र चतुर्वेदी ने भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए राष्ट्रव्यापी अभियान के बारे में अध्यक्ष और समिति के सदस्यों को जानकारी दी। उन्होंने राज्य और जिला स्तरीय कार्य योजनाओं के निर्माण और कार्यान्वयन की देखरेख के लिए शीर्ष, राज्य और जिला स्तरीय समितियों के गठन पर प्रकाश डाला। डीसीडीसी की प्राथमिक भूमिका एक रणनीतिक जिला स्तरीय योजना विकसित करना है, जिसमें लक्ष्य, प्रमुख गतिविधियाँ और समारोहों के लिए समय-सीमा शामिल है। बैठक में प्रबंध निदेशक भरतपुर केंद्रीय सहकारी बैंक शिवदयाल मीणा, डीडीएम नाबार्ड राजेश मीणा, ईओसीसीबी उमेश शर्मा, डीएसओ पवन अग्रवाल सहित डेयरी, कृषि, मत्स्य विभाग सहित संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे।

पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर 159 अपराधियो को किया गिरफ्तार

करौली,(निं.सं.)(फोटो-पी-1) महानिरीक्षक भरतपुर रेंज के निर्देशन में वांछित अपराधियों व असामाजिक तत्वों कि धरपकड़ के संवंध में चलाए गए दो दिवसीय एरिया डोमीनेंस अभियान के तहत करौली पुलिस ने वड़ी संख्या में अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है।

करौली जिला पुलिस अधीक्षक वृजेश ज्योति उपाध्याय कि तेज तर्रार कार्यशैली एवं एरिया डोमिनेशन अभियान में सीधे तौर पर जुड़ने से जिले में अपराध का ग्राफ गिरा तो जेलों में अपराधियों कि संख्या में लगातार वढ़ोतरी हो रही है। पुलिस अधिक्षक ने वताया कि सर्च अभियान के तहत जिलेभर में 382 पुलिसकर्मियों कि 93 टीम वनाकर 512 संदिग्ध स्थानों पर दविश देते हुए 159 अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होने वताया कि ऑपरेशन के दौरान 50 गिरफ्तारी वारंटी,16 स्थाई वारंटी,1 इनामी अपराधी, 2 जघन्य मामलों में वांछित अपराधी,13 सामान्य अपराधों में वांछित,16 अपराधियो को आवकारी अधिनियम,1 अपराधी को एनडीपीएस,13 अवैध शराव के तहत दर्ज मुकदमों में, 47 अपराधियों को विभिन्न मामलों यथा शान्ति भंग चालानशुदा अपराधियों को पुलिस ने 'गिंकंजे मे लिया है। इसके अलावा अलग-अलग थानों ने अवैध शराव के विरुद्ध 14 प्रकरण दर्ज कर 1365 अवैध देशी शराव के पव्वे,76 वियर की वोतल,165 वियर कैन,73 अग्रेंजी पव्वे एवं 26 हाफ पव्वें जव्त करते हुए 13 शराव तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। अभियान के दौरान अवैध खनन के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए दो प्रकरण दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए 8 टन अवैध वजरी व 6 टन अवैध पत्थर जप्त किये।

'हेलमेट लगाओ-जान बचाओ ' जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

करौली, (निं.सं.) स्थानीय महाविद्यालय के द्वारा आउट रीच कार्यक्रमों में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत हेलमेट लगाओ जान वचाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ लक्ष्मन धाकड़ ने वताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना, एन.एस.एस. व स्काउट एंड गाइड के संयुक्त तत्वावधान में हेलमेट लगाने के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है इस कार्यक्रम में स्थानीय पुलिस प्रशासन का पूर्ण सहयोग रहा कार्यक्रम का नेतृत्व राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी मुनेश कुमार मीना द्वारा किया गया तथा गुलाव वाग क्षेत्र से कार्यक्रम को प्रारम्भ किया गया विद्यार्थियों के द्वारा सभी दुपहिया वाहन चालको को रोक-रोक कर हेलमेट लगाने व अपने जीवन के प्रति संवेदनशील रहने हेतु जागरूक करने का प्रयास किया गया।

कार्यक्रम को पुलिस अधिकारी मुनेश डागुर द्वारा वाहन चालको को फूल देकर हेलमेट के प्रति सचेत रहने कि समझाइश की गई. इसके वाद महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने गुलाव वाग से रैली निकालते हुए हेलमेट लगाओ-जान वचाओ, दुर्घटना से देर भली जैसे नारे लगाते हुए हेलमेट लगाने के प्रति जागरूकता का सन्देश दिया. इस कार्यक्रम में कुल 105 विद्यार्थियों ने भाग लिया. कार्यक्रम कि सफलता में स्थानीय प्रशासन का पूरा सहयोग रहा. कार्यक्रम में महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षक अव्दुल जव्वार,टीकम जांगिड, गणेश मीना, लल्लन यादव, संध्या वर्मा आदि स्टाफ सदस्य सहयोग के लिए उपस्थित रहे।

89वां त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव का कार्यक्रम हुआ आयोजित

प्रभात फेरी में जगह जगह सेवर में परमात्मा शिव की प्रतिमा के ऊपर फूलों की वर्षात एवं फूल मालाएं अर्पित की

भरतपुर (निस)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय विश्व शांति भवन भरतपुर की ओर से पंचायत समिति सेवर (भरतपुर) में 89 वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव का कार्यक्रम राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी कविता दीदी, जिला प्रभारी भरतपुर, अमरनाथ, समाज सेवी, जुगल किशोर सैनी, योगेंद्र भाई, राजेंद्र मीणा, वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका प्रवीणा बहिन, ब्रह्माकुमारी जागृति, ब्रह्माकुमारी रजनी, जयसिंह भाई आदि की उपस्थिति में राजेंद्र मीणा के यहाँ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

ब्रह्माकुमारी प्रवीणा बहिन ने शिवरात्रि का आध्यत्मिक रहस्य बताया। परमात्मा शिव को स्वयं की बुराइयों का दान करना ही सच्ची शिवरात्रि है और बताया 89बर्षों से परमात्मा शिव सृष्टि परिवर्तन का कार्य कर रहे ध्यान रहे भगवान वरदान बाँट रहे है अभी फिर ना कहना की हमको बताया नहीं। ब्रह्मा कुमारी जागृति बहिन ने परमात्मा का सत्य परिचय दिया की परमात्मा रूप में ज्योति बिंदु स्वरुप है एवं सभी का नाथ है इसलिए उसे अमरनाथ, केदारनाथ, बद्रीनाथ, सोमनाथ, वैधनाथ अनेकों नाम से जाना जाता है। जुगल किशोर सैनी, योगेंद्र सिंह, अमरनाथ, राजेंद्र मीणा आदि ने भी अपनी शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम से पूर्व सेवर में स्थित ब्रजेन्द्र विहारी जी मंदिर से भव्य

■ ब्रह्माकुमारी प्रवीणा बहिन ने शिवरात्रि का आध्यत्मिक रहस्य बताया

कलश यात्रा का सुभारम्भ राजयोगिनी कविता दीदी एवं श्याम सुन्दर शास्त्री, ब्रजेन्द्र विहारी मंदिर सेवर एवं सभी अतिथियों के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया एवं सभी के द्वारा शिव ध्वजा रोहण किया। प्रभात फेरी में जगह जगह सेवर में परमात्मा शिव की प्रतिमा के ऊपर फूलों की वर्षात एवं फूल मालाएं अर्पित की। सभी भाई बहिनों में बड़ा ही उमंग उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर गजेंद्र सिंह मैनेजर, प्रेम सिंह, देवल सिंह, बिंदु बहिन, किरण, ओमबत्ती, गजेंद्र, डिम्पल, दौलत एवं सेकड़ों भाई बहिन उपस्थित रहे।

सार-समाचार

टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान का होगा संचलन'

करौली, (निं.सं.) प्रदेश में टीवी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान का संचालन किया जा रहा है, जिसमें जिले की ग्राम पंचायतों को टीवी मुक्त वनाने के लिए 6 इंडिकेटर्स आधारित गतिविधियों के आयोजन के लिए व्लॉक स्तरीय स्टेक हॉल्डर्स की कार्यशाला का आयोजन प्रत्येक व्लॉक में होगा, जिसमें टीवी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के संदर्भ में विभागों की सहभागिता व जिम्मेदारियों से अवगत कराया जाएगा। सीएमएचओ डॉ दिनेश चंद मीना ने वताया कि जिले में टीवी में ग्राम पंचायत अभियान राज सरकार के निर्देश अनुसार संचालित किया जाएगा, जिसमें राष्ट्रीय क्षय रोग दिवस तक निर्धारित गतिविधियों का आयोजन होगा और छः इंडिकेटर्स की पालना के लिए अन्य विभागों की सहभागिता जुटाई जाएगी। उन्होंने वताया कि इन छरू गतिविधियों में सस्पेक्टेड टीवी की जांच, टीवी नोटिफिकेशन की दर, ट्रीटमेंट सक्सेस रेट, ड्रग ससेप्टिविलिटी टेस्ट, निक्षय पोषण योजना और निक्षय मित्र द्वारा पोषण किट वितरण मुख्य है जिनके द्वारा टीवी मुक्त ग्राम पंचायत की संकल्पना को साकार किए जाने का संपूर्ण प्रयास किया जाएगा।जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने वताया कि राज्य सरकार राष्ट्रीय क्षय रोग दिवस तक टीवी मुक्त ग्राम पंचायत की कार्य योजना वनाई है, जिसमें स्टेक होल्डर्स की कार्यशाला का आयोजन कर सहभागिता और जिम्मेदारियां को वताया जाएगा एवं मीडिया सेंसटाइजेशन का आयोजन कर टीवी मुक्त ग्राम पंचायत के प्रति आम जन में जागरूकता लाई जाएगी।

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का भ्रमण किया

करौली (निं.सं.) सिलाई कार्य से संवंधित सैद्धांतिक एवं अर्जित कौशल को वास्तविक कार्यस्थल से संवंध करने के लिए मॉडल स्कूल करौली के विद्यार्थियों ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान करौली का भ्रमण किया। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर के निर्देशानुसार आज सोमवार को स्थानीय संस्था के विद्यार्थियों ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान करौली का भ्रमण किया। आईटीआई करौली कि सिलाई अनुदेशक श्रीमती कीर्ति प्रजापति ने विद्यार्थियों को कपड़े कि कटाई करना और सिलाई करना वताया। सिलाई टूल्स पैटर्न नोचर, व्रश, इंच टैप, कैंची, सीम रीपर,दर्जी कर्व,अंगश्ताना,फ्रांसीसी कर्व, लैग, मार्किंग व्हील, सजाने वाली कैची और कटाव वाली कैची, एल स्क्वैर,थाट कटर,हैंगर,स्ट्रीम प्रेस का उपयोग और कार्य वताए। इलेक्ट्रॉनिक कटर मशीन द्वारा सिलाई करना,चोली कट व्लाउज,एंगल स्लीव के प्रकार,शर्ट मेजरमेंट चार्ट,कॉलर के प्रकार,पॉकेट कि डिजाइन वनाना,ऑटोमेटिक प्रेस की कार्य प्रणाली,सेविंग मशीन की कार्यप्रणाली, आवर लॉक मशीन इत्यादि कार्यों के वारे में विद्यार्थियों ने जानकारी प्राप्त की।

11 छात्राओं का साक्षात्कार लिया

भरतपुर (निस)। रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय में कैरियर काउंसलिंग एण्ड प्लेसमेंटसेल के अंतर्गत प्राचार्य डॉ सुजाता चौहान के निर्देशन में छात्राओं के लिए बैंकिंग सर्विसेज में चयन के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया गया। अकादमिक प्रभारी डॉ करुणा गौर ने इस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम के अंतर्गत हितेंद्र बेनीवाल असिस्टेंट मैनेजर एक्सिस बैंक तथा एचडीएफसी बैंक के लिए साक्षात्कार करने के लिए आए थे तथा मिस ज्योति रिलेशनशिप मैनेजर आ सीआईसीआई बैंक के रूप में छात्राओं के लिए साक्षात्कार लेने आई। ये दोनों ही एनआईआईटी फाउण्डेषन से जुड़े हुए हैं। इस साक्षात्कार में महाविद्यालय के कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय की तृतीय वर्ष तथा स्नातकोत्तर कक्षा की छात्राओं ने भाग लिया। इसके अंतर्गत महाविद्यालय की 11 छात्राओं का साक्षात्कार लिया गया। छात्राओं को इंटरव्यू के माध्यम से प्लेसमेंट किस प्रकार मिल पाएगा। इसकी प्रक्रिया विस्तारपूर्वक समझाई ग । छात्राओं ने उत्साहपूर्वक इस कार्यक्रम में भाग लिया। साक्षात्कार में चयनित छात्राओं को ऑनलाइन फॉर्म भर के अपने समस्त प्रमाण पत्रों को अपलोड करना होगा उनकी लिखित परीक्षा भी ली जाएगी और उसके आधार पर उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

सात मंजिला यज्ञशाला में होगा 108 कुंडिया विष्णु महायज्ञ

नदबई (निस)। तिमनगढ़ किला स्थित डांग इलाके में ब्रह्मलीन संत गोमती दास महाराज की तपोस्थली सागर तीर्थ पर भक्त मंडल कार्यकर्ताओं की ओर से 2 अप्रैल से 10 अप्रैल तक 108 कुंडीय विष्णु महायज्ञ संत समागम एवं प्रवचन कार्यक्रम आयोजित होंगे। महायज्ञ की तैयारी को लेकर नदबई में भक्त मंडल की ओर से कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र में भक्तगण जगह बैनर पोस्टर आदि लगाकर ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार में लगे हुए हैं। प्रचार प्रसार में धर्मेंद्र अवस्थी, नरेंद्र उपाध्याय, रजत उपाध्याय, प्रदीप शर्मा, गजानंद पिपरऊ, यादराम शर्मा मूडिया गंधार, आयुष, फूल सिंह, अमर सिंह खांगरी आदि भक्त तैयारी में जुटे हुए हैं।

कथा के मुख्य जिजवान अशोक खंडेलवाल गुलपाडे वाले आदर्श नगर भरतपुर रहे

भरतपुर (निस)। रघुनन्दन बैंकट हॉल आदर्श नगर भरतपुर में भागवत सप्ताह का सप्तम दिवस सुदामा चरित्र की कथा के साथ स्वामी गोपाल दास महाराज कथा वाचक वृन्दावन वालों के मुखारविन्द से सम्पन्न हुआ। कथा के मुख्य जिजवान अशोक खंडेलवाल गुलपाडे वाले आदर्श नगर भरतपुर रहे। कार्यक्ररम 19 फरवरी को हवन यज्ञ एवं भंडारे के साथ भागवत कथा यज्ञ का समापन होगा।

विधायक सपोटरा ने तलाई रिनोवेशन कार्य का किया लोकार्पण

करौली, (निं.सं.) जिला परिषद् के वाटर शैड सेल कम डाटा सेन्टर अधीक्षण अभियन्ता एवं पदेन परियोजना प्रवंधक हितेन्द्र कुमार मेहरा ने वताया कि भू-जल संसाधन विभाग भारत सरकार एवं राज्य सरकार के दिशा-निर्देशानुसार जिले में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के तहत करौली व्लॉक में संचालित जलग्रहण परियोजना में गिरते भू-जल में सुधार एवं जलग्रहण विकास से संवंधित गतिविधियों के जन जागरण व वाटरशेड आधरित कैम्पेन वैन के साथ जलग्रहण यात्रा कार्यक्रम का सपोटरा के विधायक हंसराज मीना द्वारा ग्राम पंचायत करसाई में शुभारम्भ किया गया।

इस दौरान विधायक द्वारा ग्रामीणों,जनप्रतिनिधियों एवं विधालय छात्रों को भूमि एंव जल संरक्षण की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में करसाई के भूतखोरा में तलाई रिनोवेशन कार्य का सपोटरा विधायक द्वारा लोकार्पण किया जाकर जल एवं भू संरक्षण के महत्व को वताया गया। कार्यक्रम में निवन्ध प्रतियोगिता में विजेता रहे छात्रों को पुरस्कृत किया